सामाजिक दूरी के बीच की जा रही जरूरतमंदों की मदद।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### अन्य राज्यों में फंसे उत्तराखंडियों का वापस लाये सरकारः यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी जो वैश्विक रूप धारण कर चुका है उसे रोकने के लिए धरती पर देवदूत का काम डॉक्टर, पुलिस व सफाई कर्मी बखूबी से निभा रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड की राज्य सरकार से उत्तराखंड क्रांति दल ने मांग की है कि देश के अन्य राज्यों में जो उत्तराखंडी लोग लॉकडावन में देश के अन्य राज्यों में फंसे है उनकी सुध लेते हुए उत्तराखंड में लाने की व्यवस्था की जाय। केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि सरकार की गैर जिम्मेदाराना रवैया कि गुजरात के लोग उत्तराखंड से सरकारी बसों द्वारा भेजे गए लेकिन गुजरात मे फंसे लोगों को वापस लाने के लिये राज्य सरकार ने सकारात्मक कदम नही उठाया गया है।

### दुनिया में पीएम मोदी अग्रणी व प्रभावशाली नेताः विधानसभा अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। अमेरिकी डाटा रिसर्चर कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा कराए गए सर्वे में कोरोना वायरस कोविड 19 के खिलाफ लड़ाई में दुनिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अग्रणी एवं प्रभावशाली नेता घोषित किए जाने पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। यहां जारी एक बयान के माध्यम से इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि पीएम मोदी ने समय रहते ही देश में अपने कुशल नेतृत्व से ठोस एवं साहसिक निर्णय लेकर लॉकडाउन का एलान किया। अग्रवाल ने कहा कि भारत के इस फैसले की तारीफ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के संस्थापक बिल गेट्स ने भी पीएम मोदी के कोरोना महामारी के खिलाफ भारत के प्रयासों के लिए उनकी तारीफ की है।

### प्रेमनगर में दीवार लगाने का कार्य पुनः हो आरंभ

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने जिलाधिकारी डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन प्रेषित करते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत प्रेमनगर में मार्ग चौडीकरण तथा दीवार लगाने के कार्य को पुनः आरंभ कराये जाने की मांग की है और उन्होंने कहा कि यहां पर मकानों की सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखे जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ज्ञापन में कुछ बस्तियों के नीचे ढांग काट दी गई थी मगर पूरे देश में लॉकडाउन हो जाने के कारण उसका कार्य वहीं रूका हुआ है जिस कारण ऊंचाई पर बसे मकान गिरने वाले हो गये है।

## पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास में पंचायती राज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण के संकट में सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने जिस जागरूकता का परिचय देते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन किया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। अगर आप सभी का सक्रिय सहयोग नहीं होता तो इस आपदा को नियंत्रित करना बहुत मुश्किल होता। अपने निजी और पारिवारिक काम छोड़कर जिस तरह से पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रियता दिखाई उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। परंतु कोरोना के खिलाफ लडाई लम्बी है। जागरूकता बनाए रखनी है। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन खुद भी करना है और दूसरों को भी इसके लिए समझाना है। हम सभी एकजुट रहे तो निश्चित रूप से कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर 24 अप्रैल को कुछ पंचायत प्रतिनिधियों से बात करेंगे। वे इस दौरान ई– ग्राम स्वराज एप्लीकेशन लांच करेंगे। साथ ही नई सेंट्रल सेक्टर स्कीम 'स्वामित्व' भी प्रारंभ की जाएगी। पायलट आधार पर देश के आठ राज्यों में इसे शुरू किया जा रहा है। हमारे लिए खुशी की बात है कि इनमें उत्तराखंड भी शामिल है।

# राज्य में कोरोना की सटीक जानकारी अब एक क्लिक में

**राहत**

**संवाददाता**

जियोइंफोर्मेटिक्स सिस्टम तकनीकी का इस्तेमाल कर कोविड–19 दृष्टि पोर्टल बनाया

वायरस को लेकर हर तरह की जानकारी उपलब्ध होगी

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना वायरस की सटीक जानकारी अब एक क्लिक में मिल जाएगी। इसके लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम ने नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर दून के साथ मिलकर जियोइंफोर्मेटिक्स सिस्टम तकनीकी का इस्तेमाल कर कोविड–19 दृष्टि पोर्टल बनाया है। इसमें कोरोना वायरस को लेकर हर तरह की जानकारी उपलब्ध होगी।

शासन–प्रशासन के साथ ही अब आम लोगों तक भी कोरोना वायरस की सटीक जानकारी और आंकड़े पहुंच पाएंगे। इसमें कोविड–19 दृष्टि पोर्टल मदद करेगा। यह अपने आप में एक अनूठा पोर्टल है, जिसके अंतर्गत कोरोना वायरस का डेली स्टेटस, जिले का सैंपल स्टेटस, रिलीफ कैंप, कानून व्यवस्था के साथ ही राज्य और जिलों के कंट्रोल रूम में मिली सभी कॉल के आंकड़ों को दिखाया जाएगा। इन आंकड़ों का डाटा को दिखाने के लिए जियोस्पेशियल मैप के माध्यम से रिलीफ कैंप, अस्पताल, कोविड–19 हॉटस्पॉट्स, टेस्ट सेंटर, क्वारंटाइन सेंटर के तथ्यों का प्रजेंटेशन किया गया है, जिससे विभाग से जुड़े हर शख्स को कोरोना संबंधित सही आकलन करने में आसानी होगी और एक ही स्थान पर सभी जानकारी होने की वजह से कोरोना से बचाव के लिए हर तरह के कार्यों को धरातल पर उतारने में आसानी होगी।

### संदिग्धों का डाटा एक ही स्थान पर सही रूप में दिख सकेगा




राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिद्धिम अग्रवाल का कहना है कि उत्तराखंड में कोरोना वायरस की संवेदनशीलता को देखते हुए टीम ने इस प्लेटफार्म का निर्माण किया है, जिसके तहत कोविड–19 के मरीजों और संदिग्धों का डाटा एक ही स्थान पर सही रूप में दिख सकेगा।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के इस पोर्टल के माध्यम से उत्तराखंड के लोगों तक भी कोरोना वायरस की सही जानकारी पहुंच सकेगी। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए पोर्टल में कोरोना से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे सोशल डिस्टेंसिंग, होम क्वारंटाइन, कोरोना वॉरियर्स को सलाम, कोरोना बचाव जैसे विषयों को भी ब्रोशर, डॉक्यूमेंट्री के जरिए लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इससे लोगों में किसी भी तरह की भ्रांति नहीं फैलेगी। इसके साथ ही राहत शिविरों में रह रहे शरणार्थियों के प्रबंधन, राहत सामग्री का वितरण का आकलन करने में कारागार साबित होगा। ये सभी जानकारी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम लगातार अपडेट करती रहेगी।

इस पोर्टल को सफल बनाने में उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम–डॉ. गिरीश चंद्र जोशी, बीबी गणनायक, सुरभी कुंडलिया, अमित शर्मा, पूजा राणा, शैलेश घिल्डियाल, ज्योति नेगी, रोबिन अग्रवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कोरोना के खिलाफ लम्बी लडाई में अवश्य जीतेंगे: सीएम

**धन्यवाद**

■ महत्वपूर्ण सहयोग देने के लिये प्रदेशवासियों को धन्यवाद

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने राज्य में कोरोना को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण सहयोग देने के लिये प्रदेशवासियों को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कोरोना वारियर्स पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। प्रदेशवासियों ने भी दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन का परिचय देते हुए सरकार का सहयोग किया है। उसी का परिणाम है कि हम राज्य में कोरोना संक्रमण बढने की दर को काफी कम रखने में सफल रहे हैं। आमजन का इसी प्रकार साथ मिलता रहा तो कोरोना के खिलाफ लम्बी लडाई में अवश्य जीतेंगे।

मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड में पहला मरीज 15 मार्च को मिला था, और इसके बाद ही राज्य सरकार ने अपने स्कूल–कॉलेज बंद करने का निर्णय लिया। माननीय प्रधानमंत्री ने जनता कर्फ्यू की बात कही और लाकडाउन पूरे देश में लागू किया तब से आज तक एक महीना एक दिन हो गया है।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि मैं सर्वप्रथम प्रदेशवासियों का धन्यवाद देना चाहूंगा जिस संयम अनुशासन से उन्होंने सहयोग दिया उसी का परिणाम रहा कि उत्तराखंड आज कोरोना की रोकथाम में देश में तीसरे नंबर पर है। अभी तक 47 पॉजिटिव केस राज्य में आए हैं जिनमें से 24 ठीक हो गए हैं। इस गति को रोक पाने में हम तभी सफल हो पाए हैं जब आप सभी ने सहयोग दिया है। डॉक्टरों व प्रशासनिक तंत्र ने इस में अग्रणी भूमिका निभाई है, पुलिस, सामाजिक संगठनों एवं आम जनों की भूमिका रही है उसी का परिणाम है कि आज हम बेहतर स्थिति में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की गाइडलाइन के अंतर्गत आमजन को हर सम्भव सहायता पहुंचाने की कोशिश की गई है। जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की कोई कमी नहीं आने दी गई है।

### जल्द हम कोरोना मुक्त राज्य में शामिल हो जाएंगे



मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मुझे विश्वास है कि बहुत जल्द हम कोरोना मुक्त राज्य में शामिल हो जाएंगे, आप लोगों का सहयोग मिलता रहे। 3 मई तक प्रधानमंत्री ने लाकडाउन की घोषणा की है उसमें हम इसी तरह से पूरे संयम के साथ आगे भी सहयोग देते रहेंगे।

## रमजान को लेकर सतर्क हुई डोईवाला की कोतवाली पुलिस

**संवाददाता** डोईवाला। मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान का महीना कल से शुरु होने जा रहा है लेकिन कोरोना वायरस कोविड 19 को देखते हुये मुस्लिम समाज के लोगों को फिलहाल किसी तरह की कोई न तो ढील दी जा रही है और न ही रमजान की नमाज अदा करने के लिये मस्जिदों मे जाने की कोई छूट दी गयी है। रमजान मे मुस्लिम समाज के लोगो को कोरोना वायरस से बचाने के लिये डोईवाला कोतवाली पुलिस–प्रशासन ने तमाम कदम उठाते हुये मुस्लिम समाज के लोगो के साथ बेठक कर डोईवाला के सीओ राकेश देवली और कोतवाल प्रदीप बिष्ट ने अपील की है कि वह लोग कोरोना वायरस कोविड 19 को देखते हुये घर पर ही रहकर रमजान की नमाज अदा करे ताकि लॉकडाउन का पालन हो। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसींग का पालन करते हुए कोरोना वायरस कोविड 19 को खत्म करने के लिए शासन प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News

Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।